देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 21 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**निपटने के लिए तैयार नहीं




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 15 अप्रैल 2020




मौसम — अधिकतम 34.0° न्यूनतम 21.0°

30690.02

2 डोनाल्ड ट्रंप ने दी चीन को चेतावनी

7 बीसीसीआई ने तब तक टाला आईपीएल

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना से 10,363 बीमार, 339 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस से संक्रमित होकर जान गंवाने वाले लोगों की संख्या मंगलवार को 339 हो गई जबकि इससे संक्रमित लोगों की कुल संख्या 10,363 है।केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमितों में कम से कम 1,035 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 8,988 लोगों का अब भी इलाज जारी है। इनमें से 72 विदेशी नागरिक हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में जान गंवाने वाले 339 लोगों में से सबसे अधिक 160 महाराष्ट्र के हैं।

### बाबा साहेब के कारण विश्व में भेदभाव के खिलाफ आवाज उठी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यूपी। भारतीय संविधान के निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पूरा देश उन्हें यादकर श्रद्धांजलि दे रहा है। अंबेडकर की जयंती पर उत्तर प्रदेश सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अंबेडकर जी के ही प्रयासों का प्ररिणाम है न केवल भारत में बल्कि पूरे दुनिया में सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने बाबा साहेब को जीवित रहते वह सम्मान नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था।

### सैनिटाइजेशन टनल पर उठे सवाल, सभी राज्यों ने लगाई रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए देश भर में कई जगहों पर सैनिटाइजेशन यूनिटें लगाई जा रही हैं। खास तौर पर कई अस्पतालों में ऐसे प्रयोग किए गए, ताकि कर्मचारियों व अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को स्प्रे बाथ के माध्यम से सैनिटाइज किया जा सके। लेकिन, सैनिटाइजेशन यूनिट में इस्तेमाल किए जा रहे रसायन से एलर्जी की परेशानी होने की बात सामने आने के बाद एम्स ने अपनी सैनिटाइजेशन यूनिट को फिलहाल बंद कर दिया है।

# देश में 3 मई तक लॉकडाउन बढ़ा



## पीएम मोदी ने देशवासियों से मांगे ये सात वचन

### लोगों से ये सात बातों पर साथ मांगा

1. अपने घर के बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।
2. लॉकडाउन और सुरक्षित दूरी की लक्ष्मण रेखा का पूरी तरह पालन करें।
3. अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए, आयुष मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. कोरोना संक्रमण का फैलाव रोकने में मदद करने के लिए आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।
5. जितना हो सके उतने गरीब परिवार की देखरेख करें, उनके भोजन की आवश्यकता पूरी करें।
6. आप अपने व्यवसाय में साथ काम करने वाले लोगों को नौकरी से न निकालें।
7. देश के कोरोना योद्धाओं, हमारे डॉक्टर–नर्सेस, सफाई कर्मी, पुलिसकर्मी इन सभी का पूरा सम्मान करें।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए किया गया 21 दिन का देशव्यापी लॉकडाउन आज पूरा हो रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए लॉकडाउन को 3 मई तक बढ़ाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 3 मई तक हर देशवासी को लॉकडाउन में ही रहना होगा। इस दौरान हमें अनुशासन का उसी तरह पालन करना है, जैसे हम करते आ रहे हैं। पीएम ने देश के लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब कोरोना को हमें किसी भी कीमत पर नए क्षेत्रों में फैलने नहीं देना है।

स्थानीय स्तर पर अब एक भी मरीज बढ़ता है तो ये हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से धैर्य बनाकर रखेने और नियमों का पालन करने को कहा ताकि कोरोना जैसी महामारी को परास्त किया जा सके।

**भारतवासियों की जिंदगी से बढ़कर कुछ नहीं:** पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना जिस तरह फैल रहा है, उसने विश्वभर के हेल्थ एक्सपर्ट्स और सरकारों को और ज्यादा सतर्क कर दिया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक दृष्टि से देखें तो अभी ये मंहगा जरूर लगता है लेकिन भारतवासियों की जिंदगी के आगे इसकी कोई तुलना नहीं हो सकती। सीमित संसाधनों के बीच, भारत जिस मार्ग पर चला है, उस मार्ग की चर्चा आज दुनियाभर में हो रही है।

भारत ने समस्या बढ़ने का इंतजार नहीं किया, बल्कि उसी समय समस्या को रोकने का प्रयास किया जिससे भारत आज बहुत संभली हुई स्थिति में है।

### कुछ जरूरी गतिविधियों की अनुमति

पीएम मोदी ने कहा कि लॉकडाउन के नियम अगर टूटटे हैं और कोरोना का पैर हमारे इलाके में पड़ता है तो सारी अनुमति वापस ले ली जाएगी। इसलिए न खुद लापरवाही करनी है और न दूसरों को लापरवाही करने देनी है। जो क्षेत्र इस अग्निपरीक्षा में सफल होंगे, जो हॉटस्पॉट में नहीं होंगे, और जिनके हॉटस्पॉट में बदलने की आशंका भी कम होगी, वहां पर 20 अप्रैल से कुछ जरूरी गतिविधियों की अनुमति दी जा सकती है।

### अभी और कड़े होंगे नियम

प्रधानमंत्री ने कहा आने वाले हफ्ते और कठिन हो सकते हैं। 20 अप्रैल तक हर कस्बे, हर थाने, हर जिले, हर राज्य को परखा जाएगा, वहां लॉकडाउन का कितना पालन हो रहा है, उस क्षेत्र ने कोरोना से खुद को कितना बचाया है, ये देखा जाएगा।

## देश भर में यात्री ट्रेनें, मेट्रो रेल सेवा और घरेलू–अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 3 मई तक बंद

# यात्रियों के पूरे पैसे होंगे रिफंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के लॉकडाउन बढ़ाने के फैसले पर रेलवे की घोषणा के बाद देश भर में यात्री ट्रेनों और हवाई सेवाओं के रद होने के साथ ही अब मेट्रो सेवाओं को भी 3 मई तक बंद कर दिया गया है। देश में हवाई सेवाएं भी 3 मई तक रद कर दी गई हैं।देश भर में मेट्रो सेवाओं को भी 3 मई तक रद कर दिया गया है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव डीएस मिश्रा के मुताबिक आज से 3 मई तक देश में लॉकडाउन की घोषणा के साथ ही आज से देश भर में मेट्रो सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

### अब कोई भी टिकट बुकिंग नही

रेल मंत्रालय की ओर से आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि लोगों की पहले से बुक टिकटों के पूरे पैसे उन्हें वापस किए जाएंगे। इसके साथ कहा गया है कि अब कोई भी टिकट बुकिंग नहीं होगी। रेलवे ने बताया कि 3 मई तक रद्द की गई ट्रेनों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग में फुल रिफंड किया जाएगा, जबकि जिन लोगों ने काउंटरों पर बुकिंग की है वे 31 जुलाई तक रिफंड ले सकते हैं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सभी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें 3 मई रात 11 बजकर 59 मिनट तक रद कर दी गई हैं। इससे पहले रेलवे ने बड़ा फैसला लेते हुए 3 मई तक अपनी यात्री ट्रेनें रद कर दी थी।

रेलवे अधिकारियों की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि हमने 3 मई तक अपनी यात्री रेल सेवा बंद रखने का फैसला किया है।इससे पहले 21 दिनों के लॉकडाउन के तहत रेलवे ने 14 अप्रैल की मध्य रात्रि तक सभी यात्री सेवाएं रद की थीं।



### पहले की तरह मालगाड़ियां आगे भी चलती रहेंगी

रेलवे ने जानकारी दी कि पीएम नरेंद्र मोदी के लॉकडाउन बढ़ाने की घोषणा के बाद उन्होंने यात्री ट्रेनों को 3 मई तक रद करने का फैसला लिया।

रेल मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी मे बताया गया है कि प्रीमियम ट्रेनों, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों, पैसेंजर ट्रेनों, उपनगरीय ट्रेनों, कोलकाता मेट्रो रेल, कोंकण रेलवे सहित भारतीय रेल पर सभी यात्री ट्रेन सेवाएं 3 मई की रात 12 बजे तक निलंबित कर दिया गया है। हालांकि इस दौरान मालगाड़ियों को छूट रहेगी। पहले की तरह मालगाड़ियां आगे भी चलती रहेंगी।

इससे पहले आज देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉकडाउन को बढ़ाते हुए 3 मई तक इसे जारी रखने का फैसला किया।

# इकॉनमी, गरीबों के लिए कुछ ठोस नहीं

■पीएम मोदी के स्पीच को कांग्रेस ने बताया खोखला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को देश के नाम प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को शवाहवाईश और खोखला बताया है। कांग्रेस ने कहा कि पीएम के भाषण में न तो वित्तीय पैकेज का कोई जिक्र था और न ही इकॉनमी को उबारने के लिए ठोस कदमों का कोई जिक्र था। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता पी. चिदंबरम में कहा कि गरीबों को 40 दिन के लिए अपना इंतजाम खुद करने के लिए छोड़ दिया गया है।

चिदंबरम ने कहा, गरीबों को 40 दिन के लिए अपना इंतजाम खुद करने के लिए छोड़ दिया गया। धन है, भोजन है लेकिन सरकार वह देगी नहीं। रोओ, मेरे प्यारे देश! इसी तरह मनीष तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने लोगों को यह तो बताया कि उनकी उनसे क्या उम्मीदें हैं लेकिन यह नहीं बताया कि लोगों के लिए उनकी सरकार क्या कर रही है।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पूछा कि कोरोना वायरस से लड़ने का देश का रोडमैप कहा है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का मतब यह नहीं है कि लोगों को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराया जाए बल्कि उसका मतलब यह है कि देश के लोगों के प्रति सरकार अपनी जवाबदेही के कर्तव्य को निभाए।

# कोरोना से बचा रहा बीसीजी ?

### कोविड–19 पर असरदार होने के कोई साक्ष्य नहीं: डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि इस बात के कोई सबूत नहीं है कि मुख्य रूप से ट्यूबरक्लोसिस के खिलाफ उपयोग में लाए जाने वाली बेकिले कैलमेट–गुएरिन वैक्सीन लोगों को नोवल कोरोनावायरस के संक्रमण से बचा सकती है। इससे पहले आई खबरों में कहा गया था कि यह टीका कोरोना से बचाव में फायदेमंद है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने डेली सिचुएशन की रिपोर्ट के हवाले से कहा, 'डब्ल्यूएचओ सबूतों के अभाव के चलते कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम के लिए बीसीजी वैक्सीन की सिफारिश नहीं करता है।'

डब्ल्यूएचओ ने कहा, 'पशु और मानव दोनों पर किए गए शोध के एक्सपेरिमेंटल एविडेंस हैं कि बीसीजी वैक्सीन का इम्यून सिस्टम पर गैर–विशिष्ट प्रभाव पड़ता है। इन प्रभावों की अच्छी तरह से विशेषता नहीं है और क्लीनिकल रिलिवेंस की भी जानकारी नहीं है।'


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in